कार्यालय प्राचार्य
शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही, जिला – बालोद (छ.ग.)
Website - http://www.govtcollegegunderdehi.in/ Email Id – gskycollege@gmail.com

गुण्डरदेही, दिनांक – 22-10-2025

# // सूचना //

शैक्षणिक सत्र 2025-26 में इस महाविद्यालय से स्वाध्यायी परीक्षार्थी के रूप में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत इस महाविद्यालय में स्वाध्यायी/अमहाविद्यालयीन/प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में बी.ए./बी.कॉम/बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रमों से परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए सेमेस्टर प्रणाली से आयोजित की जायेगी, जिसके लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है। स्वाध्यायी विद्यार्थी हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के पोर्टल से दिनांक 22-10-2025 से 31-10-2025 तक पंजीयन करने तथा महाविद्यालय में उपलब्ध GE एवं VAC का चयन कर उक्त पंजीयन फार्म की हार्डकॉपी समस्त संलग्नों सहित महाविद्यालय में अंतिम तिथि **01-11-2025** तक अनिवार्य रूप से श्रीमती ऋतु सोरी, सहायक प्राध्यापक (वनस्पतिशास्त्र) से प्रतिहस्ताक्षर कराने के पश्चात् कार्यालय में श्रीमती विभा यादव के पास आवश्यक शुल्क सहित जमा करना सुनिश्चित करें।

छात्र–छात्राएं विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना का अनिवार्य रूप से अवलोकन करने के पश्चात् ही पंजीयन फार्म भरें।

**महाविद्यालय में पंजीयन फार्म के साथ संलग्न कर जमा किये जाने वाले आवश्यक दस्तावेज :–**

01. ऑनलाईन पंजीयन फार्म फार्म की हार्डकॉपी। (दो प्रति महाविद्यालय में जमा करें एवं एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें।)
02. दसवीं एवं बारहवी कक्षा उत्तीर्ण अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
03. ABC Id (एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट) की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
04. निवासी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
05. माइग्रेशन प्रमाण पत्र की मूलप्रति। (आवश्यकतानुसार)
06. पात्रता प्रमाण पत्र की मूलप्रति। (आवश्यकतानुसार)
07. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
08. गैप प्रमाण पत्र की मूलप्रति। (आवश्यकतानुसार)
09. नाम/उपनाम परिवर्तन की स्थिति में नाम/उपनाम परिवर्तन फार्म/विवाह प्रमाण पत्र/शपथ पत्र। (आवश्यकतानुसार)
10. पासपोर्ट 01 साइज फोटो।

22/10/2025
प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Shahid Koushal Yadav College
Gunderdehi, Distt.-Balod (C.G.)

NEP-2020_109

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)
Email.-exam@durguniversity.ac.in Website :- www.durguniversity.ac.in Phone No. 0788-2359100

क्र. 518 /पंजीयन/NEP/स्वाध्यायी/2025 दुर्ग, दिनांक 22/10/25

## //अधिसूचना//

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा प्रेषित पत्र क्रमांक GENS/2101/5327/2025/38-2 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 17/10/25 के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्वाध्यायी (Private) के रूप में NEP के अंतर्गत अध्ययन करने वाले छात्रों हेतु पंजीयन (Registration) करने की तिथि में वृद्धि की गयी है | इसी अनुक्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्वाध्यायी (Private) के रूप में NEP के अंतर्गत अध्ययन करने वाले छात्रों हेतु पंजीयन (Registration) आवेदन करने हेतु पोर्टल www.durguniversity.ac.in पुनः खोला जाता है जिसकी तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है:-

| क्र. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 01 | पंजीयन हेतु पोर्टल खोले जाने की तिथि (केवल बी.ए./बी.एससी./बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर में स्वाध्यायी/प्राईवेट/अमहाविद्यालयीन छात्र के रूप में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए) | 22-10-2025 से 31-10-2025 तक |
| 02 | परीक्षार्थियों द्वारा पंजीयन आवेदन की हार्डकापी आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित महाविद्यालयों में जमा करने की अंतिम तिथि | 01-11-2025 तक |
| 03 | स्वाध्यायी विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध GE/DSE/VAC/SEC का विद्यार्थियों से सहमति उपरांत आबंटन तथा ऑनलाइन वेरीफाई करने की अंतिम तिथि | 01-11-2025 से 06-11-2025 तक |
| 04 | महाविद्यालय द्वारा GE/DSE/VAC/SEC कोर्सवार विद्यार्थियों की सूची विश्वविद्यालय प्रेषित करने की अंतिम तिथि | 10-11-2025 तक |

**आवश्यक दिशा-निर्देशः-**

- शेष निर्देश पूर्ववत ही रहेंगे |
- निर्धारित अंतिम तिथि तक पंजीयन आवेदन फार्म की हार्ड कॉपी संबंधित महाविद्यालय में जमा नहीं करने पर संबंधित विद्यार्थी का पंजीयन निरस्त कर दिया जायेगा।

कुलसचिव

क्र. 519 /पंजीयन/NEP/स्वाध्यायी/2025 दुर्ग, दिनांक 22/10/25

**प्रतिलिपिः-**

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, राजभवन, रायपुर, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन महानदी भवन, मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक-सी-30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/वित्त अधिकारी/उ.कु.स. परीक्षा/अकादमिक/गोपनीय एवं संबंधित कार्य सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र/पत्रिकाएं दुर्ग/बेमेतरा / राजनांदगांव/ कबीरधाम /बालोद / मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी/ खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उपकुलसचिव

CS Scanned with CamScanner